# सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय,उज्जैन

क्रमांक/अकादमिक/सम्मिलन/2026/ 1596 दिनांक :- 25/06/26

प्रति,

प्राचार्य,

समस्त शासकीय/अशासकीय शिक्षा महाविद्यालय,

सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, परिक्षेत्र।

स्मरण पत्र
तत्काल

**विषय :–शिक्षा अध्ययनमण्डल के गठन हेतु विभागाध्यक्षों की जानकारी विषयक।**

**संदर्भ :– विश्वविद्यालय का पत्र क्रमांक/अकादमिक/सम्मिलन/2026/1462 दिनांक 05.06.2026।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि, शिक्षा संकाय के अन्तर्गत गठित शिक्षा अध्ययनमण्डल की कालावधि समाप्त हो चुकी है तथा नवीन अध्ययनमण्डल का गठन किया जाना है।

म.प्र. विश्वविद्यालय अधिनियिम की धारा 28(2) दो एवं 28(चार) के प्रावधानानुसार अध्ययनमण्डल में क्रमशः स्नातक एवं स्नातकोत्तर विषयों के महाविद्यालय में कार्यरत विभागाध्यक्षों का मनोनयन ज्येष्ठतानुसार चक्रानुक्रम से करने का प्रावधान है। इस कार्य के लिए महाविद्यालय में पढ़ाये जाने वाले शिक्षा विषय के विभागाध्यक्ष की सूची संबंधित महाविद्यालय से प्राप्त की जानी है।

आपके महाविद्यालय में पढ़ाये जाने वाले शिक्षा विषय के विभागाध्यक्ष की जानकारी निम्नांकित प्रारूप में टंकित करवाकर भेजने का कष्ट करें :–

| क्रमांक | विषय | विभागाध्यक्ष का नाम | विभागाध्यक्ष की नियुक्ति दिनांक | | विभागाध्यक्ष का मूल पद |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | स्नातक स्तर अ | स्नातकोत्तर स्तर ब | |
| | | | | | |

महाविद्यालय से वांछित जानकारी प्राप्त नहीं होने की स्थिति में आपके महाविद्यालय के विभागाध्यक्षों को अध्ययनबोर्ड में मनोनयन की पात्रता होने पर भी वंचित रहने की संभावना रहेगी, ऐसी स्थिति में इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व महाविद्यालय का होगा।

अतएव अनुरोध है कि,व्यक्तिगत रुचि लेकर उक्त जानकारी विश्वविद्यालय कार्यालय में **दिनांक 30.06.2026 तक** आवश्यक रूप से भेजने का कष्ट करें। विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित ज्येष्ठता सूची वर्ष 2026 में विभागाध्यक्ष का नाम होना अनिवार्य है। जानकारी प्राप्त नही होने पर समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय का होगा।

**आदेशानुसार**

**डॉ. अनिल कुमार शर्मा,**
**कुलसचिव,**
**सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय,उज्जैन**
दिनांक :-25/06/26

क्रमांक / अकादमिक / सम्मिलन / 2026 / 1597

प्रतिलिपि :–

01. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, उज्जैन संभाग उज्जैन।
02. प्रभारी कम्प्यूटर सेंटर सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय,उज्जैन कृपया अधिसूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रसारित करें।
03. कुलगुरुजी/कुलसचिवजी के निज सहायक, सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय,उज्जैन।

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

**श्री चेनराम पंवार,**
**सहायक कुलसचिव(अकादमिक),**
**सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय,उज्जैन**